minimum, under the Forest (Conservation) Act, 1980.

(2) to control shifting cultivation.

(3) to close a percentage of such forests from all forestry operations and to protect them from grazing and Are.

(4) to reduce biotic pressures on these forests by promoting use of alternative fuels and developing new fodder and pasture lands.

(5)' to control functioning of existing saw and veneer mills and normally not allowing«establishment of new saw nulls.

गरीबी की रेखा से ऊपर लाये जाने वाले व्यक्तियों संबंधी लक्ष्य में कमी

*254. श्री कैलाशपति मिश्र :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :

क्या प्रधान मंत्री 24 जुलाई, 1986 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 113 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि छठी पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान गरीबी रेखा के ऊपर लाये गये 751 लाख लोगों की तुलना में सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान गरीबी रेखा के ऊपर लाये जाने वाले व्यक्तियों संबंधी लक्ष्य को घटाकर 619 लाख कर देने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : गरीबी कम करने का लक्ष्य संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिये, संवृद्धि के लक्ष्य और गरीबी दूर करने के कार्यक्रमों में निवेश को ध्यान में रख कर निर्धारित किया जाता है । छठी पंचवर्षीय योजना में संपूर्ण अर्थ-व्यवस्था के लिये 5.2 प्रतिशत की संवृद्धि का लक्ष्य (जो प्राप्त कर लिया गया) रखा गया था और गरीबी दूर करने के प्रत्यक्ष कार्यक्रमों के अन्तर्गत 1979-80 की कीमतों पर परिव्यय 3620 करोड़ रु० वास्तविक व्यय, वर्तमान कीमतों पर 3880 करोड़ रु०) था । सातवीं पंच-वर्षीय योजना में संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिये संवृद्धि का लक्ष्य 5 प्रतिशत वर्ष है और गरीबी दूर करने के कार्यक्रमों के लिये 1984-85 की कीमतों पर परिव्यय 6590 करोड़ रु० है । यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि छठी पंचवर्षीय योजना 1979-80 के आधार वर्ष से शुरू हुई । वर्ष 1979-80 में आर्थिक निष्पादन बहुत असंतोषजनक था, जो मुख्यत: 1978-79 में कृषि उत्पादन में लगभग 15 प्रतिशत तक की कमी के कारण था और इसलिये यह वर्ष, एक सामान्य वर्ष नहीं था । उक्त वर्ष अर्थात् 1978-79 की अपेक्षा 1979-80 में सकल राष्ट्रीय उत्पादन की संवृद्धि दर -4.7 प्रतिशत और 1977-78 की अपेक्षा 1979-80 में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की संख्या में 410 लाख तक की वृद्धि हुई । इसका कारण, 1979-80 का निम्न आधार था जिसका छठी योजना में आर्थिक संवृद्धि की ऊंची दर का उद्देश्य और गरीबी में और अधिक कमी करने का लक्ष्य रखा गया था । इसके मुकाबले सातवीं पंचवर्षीय योजना, सामान्य आधार वर्ष 1984-85 से शुरू से हुई और सभी लक्ष्यों का गरीबी दूर करने के लक्ष्य सहित इस पृष्ठभूमि में मूल्यांकन किया जाना है । इस प्रकार इस बात को कि सातवीं योजना का आशय छठी योजना में गरीबी की रेखा से ऊपर लाये गये 751 लाख व्यक्तियों की उपलब्धि के मुकाबले 619 लाख व्यक्तियों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाना दो योजनाओं के आधार वर्ष के स्वरूप में अन्तर के संदर्भ में स्पष्ट किया जा सकता है ।

Study Report regarding Turning of Land into Deserts

*255. SHRI PRAMOD MAHAJAN:
SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a book entitled 'Citizen's report of Indian Environment', published from the Centre for Science and Environment, New Delhi which states that nearly fifteen crore hectares